हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 22 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 37 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .8 डिग्री

12 करोड़ों की लागत से लगीं लाइटें, फ्लाईओवर पर अंधेरा...



12 विभाग ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा...



## खबर संक्षेप

### युवक पर धारदार हथियार से किया हमला, केस दर्ज

**रेवाड़ी।** मंदोला में शादी समारोह में भाग लेने के बाद घर लौट रहे एक युवक पर गांव के ही व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। अस्पताल में दाखिल मंदोला निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह गांव में एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया था। कन्यादान कराने के बाद वह घर लौट रहा था। गांव के शहीद पार्क के पास पहुंचते ही कंवर सिंह ने फसल कटाई के काम आने वाली बांकड़ी से उस पर हमला कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंच गए। लोगों ने बीच-बचाव करते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया। विनोद ने बताया कि उसका कंवर सिंह के साथ किसी तरह का कोई विवाद नहीं है।

### दो उद्घोषित अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** एसपी हेमेंद्र कुमार के निर्देश पर पुलिस विभाग की ओर से कोर्ट से घोषित किए गए पीओ और बेल जंपरों को सलाखों के पीछे भेजने की मुहिम लगातार चल रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने दो पीओ गिरफ्तार किए हैं। थाना माडल टाउन पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में अदालत से उद्घोषित अपराधी हरिनगर निवासी विरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने उसे काफी समय पहले पीओ घोषित कर दिया था। एक अन्य मामले में सिटी पुलिस ने पातुहेड़ा निवासी भरत को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने उसे पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे।

## सहकारी समितियों से दूध इक्ट्ठा कर भेजा जाता है रोहतक प्लांट

# लीन पीरियड से पहले घटा दूध, चिलिंग सेंटर में रोजाना 5,000 लीटर की कमी

**15000** लीटर प्रति दिन की जनवरी में थी आवक

**10000** लीटर प्रति दिन अप्रैल, में मिल रहा दूध





रेवाड़ी। जाटूसाना स्थित मिल्क चिलिंग सेंटर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाडी

मई माह से पशुओं का लीन पीरियड शुरू होना माना जाता है। भयंकर गर्मी के चलते पशुओं की दूध उत्पादन क्षमता में कमी आ जाती है। इस बार लीन पीरियड शुरू होने से पहले ही मिल्क चिलिंग सेंटर में दूध की भारी कमी देखने को मिल रही है। आवक बढ़ाने के लिए दूध उत्पादकों को 5 प्रतिशत तक कमिशन दिया जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही मिल्क चिलिंग सेंटरों पर दूध की आवक में और कमी आने की आशंका बनी हुई है।

दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को दूध ठंडा करने के बाद उसे रोहतक प्लांट में भेजने के लिए जिले में जाटूसाना और बावल में दो मिल्क चिलिंग सेंटर बनाए हुए हैं। जाटूसाना मिल्क चिलिंग सेंटर दशकों पुराना है। इस सेंटर के अधीन 52 सहकारी समितियां आती हैं, जो गांवों में दूध खरीदने के बाद उसे चिलिंग सेंटर को सप्लाई करती हैं। अक्सर गर्मी के मौसम में दूध की किल्लत शुरू हो जाती है। भारी गर्मी के तीन माह का समय लीन पीरियड माना जाता है, जिसमें पशुओं की दूध देने की क्षमता में कमी आ जाती है। बारिश का सीजन शुरू होने के बाद ही पशुओं की दूध देने की क्षमता बढ़ती है। मई माह से दूध उत्पादन में कमी दर्ज की जाती है, लेकिन इस बार अभी से दूध की कमी आने लगी है। जाटूसाना सेंटर पर जनवरी माह तक दूध की दैनिक आवक 15 हजार लीटर तक बनी हुई थी, जो अब कम होकर 10 हजार लीटर रोजना पर आ चुकी है। दुग्ध उत्पादकों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री दुग्ध प्रोत्साहन योजना के तहत प्रति लीटर 5 प्रतिशत की अतिरिक्त राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसके बावजूद दूध की आवक में इस समय ज्यादा वृद्धि देखने को नहीं मिल रही है।

## जाटूसाना मिल्क चिलिंग सेंटर दशकों पुराना

### प्राइवेट डेयरियों ने बिगाड़ा गणित

दिल्ली एनसीआर एरिया में प्राइवेट दूध डेयरियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सहकारी समितियों में सदस्यों से दूध की खरीद का रेट प्रति किलोग्राम फैट 81 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से रखा हुआ है। इसके विपरीत प्राइवेट डेयरी संचालक दूध की खरीद 90 रुपये प्रति लीटर तक कर रहे हैं। इससे दूध विक्रता प्राइवेट डेयरी में दूध बेचने पर जोर देते हैं। इन डेयरियों की गाड़ियां लोगों के घरों से ही दूध उठाती हैं, जिससे उन्हें सहकारी समितियों की डेयरियों तक नहीं जाना पड़ता।

### सहकारिता को बढ़ावा देने पर जोर

दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं भी शुरू की हुई हैं। सहकारी समितियों के अंत्योदय परिवारों के सदस्यों को प्रति लीटर 10 रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया जा रहा है। समिति के सचिवों को प्रति लीटर 3.5 रुपये कमिशन का भुगतान किया जाता है। चिलिंग सेंटरों पर ठंडा करने के बाद दूध वीटा के प्लांटों को भेजा जाता है। इस दूध से वीटा अनेक उत्पाद तैयार करने के बाद उसे अपने बूथों पर आपूर्ति करती है।

### कन्यादान योजना से भी प्रोत्साहन

सहकारिता के क्षेत्र में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए कन्याओं के कल्याण की दिशा में भी अनेक योजनाएं शुरू की हुई हैं। इसके तहत समिति सदस्य के घर लड़की के जन्म पर 11 हजार रुपये की एफडी कराई जाती है। लड़की की शादी में कन्यादान के रूप में भी 11 हजार रुपये दिए जाते हैं। समिति सदस्यों के बारहवीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को 5100 रुपये और दसवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को 8100 रुपये छात्रवृत्ति दी जाती है।

### अगस्त के बाद सामान्य होंगे हालात

इस बार समय से पहले ही दूध की आवक में कमी दर्ज की जा रही है। पशुओं की संख्या भी जिले में कम हो गई है। रोजगार के अवसर बढ़ने से डेयरी व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। मई, जून और जुलाई माह में दूध की आवक कम अक्सर कम रहती है। अगस्त माह से दूध उतपादन के हालात सामान्य होने की संभावना है।

--**सुभाष यादव**, प्लांट हेड, जाटूसाना।

## रेलवे विभाग की होली डे प्लानिंग

# ट्रेनों में बढ़ाए कोच, साबरमति स्पेशल का भी रूट परिवर्तित





रेवाड़ी। रेलवे स्टेशन का फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

उत्तर पश्चिमी रेलवे ने ग्रीष्मावकाश को देखते हुए कई ट्रेनों में कोच बढ़ाए हैं। साथ ही एक ट्रेन का रूट परिवर्तित किया गया है। जयपुर मण्डल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इसके चलते हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा का मार्ग परिवर्तित रहेगा। सीपीआरओ अमित सुदर्शन के अनुसार इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित गाड़ी संख्या 09426, हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा जो 5 मई को हरिद्वार से प्रस्थान करेगी, वह रेल सेवा परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीमका थाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। कनकपुरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण हरिद्वार-साबरमती स्पेशल रेलसेवा भी मार्ग परिवर्तित रहेगी। उन्होंने बताया कि जयपुर-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा के स्थान पर गाडी संख्या 20993, जयपुर-उदयपुर सिटी सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12.05.28 को कनकपुरा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।

### 3 जोड़ी रेलों के संचालन में किया विस्तार

ग्रीष्मावकाश पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु 3 जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04725/04726, हिसार-खडकी-हिसार साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में हिसार से दिनांक 03.05.26 से 31.05.26 तक (05 ट्रिप) एवं खड़की से दिनांक 04.05.26 से 01.06.26 तक (08 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09621/09622, अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस-अजमेर स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनाक 03.05.26 से 31.05.26 तक (05 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है।

### अजमेर-दौंड रेल का विस्तार

गाडी संख्या 09625/09626, अजमेर-दौंड-अजमेर स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनांक 30.04.26 से 28.05.26 तक (05 ट्रिप) एवं दौड से दिनांक 01.05.26 से 29.05.26 तक (05 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 09721, जयपुर-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा के स्थान पर गाडी संख्या 20993, जयपुर-उदयपुर सिटी सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा दिनांक 12.05.28 को कनकपुरा स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी।





# हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style



# दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

## हॉलीवुड मसाला



# सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



# नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



# सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम

**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



# है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

## टीवी मसाला



# कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

## घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था।



कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।

# कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

# मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

## बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

# एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

***नई दिल्ली।*** *'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

# अवैध गतिविधियों की रिपोर्ट पर पुलिस ने औचक छापेमारी करके पिज्जा कैफे तलाशे, मुंह छिपाकर भागी लड़कियां

**बैजनाथ चौधरी गर्ल्स कॉलेज की महिला प्राध्यापकों की उपस्थिति में करीब एक घंटे चला तलाशी अभियान, पिज्जा कैफे संचालकों में मची रही भगदड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

शहर की लगभग सभी गलियों में पिज्जा कैफे और होटल संचालित हैं। जिनमें अवैध गतिविधियों की रिपोर्ट मिलने पर पुलिस प्रशासन ने डीएसपी के नेतृत्व में औचक छापेमारी की। इस दौरान एक कैफे से दो से तीन छात्राएं मुंह छिपाकर भागी। इसके बाद पुलिस बैजनाथ चौधरी गर्ल्स कॉलेज की महिला प्राध्यापकों की उपस्थिति में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान संचालकों को पारदर्शिता पूर्वक कारोबार करने की हिदायत दी। जानकारी के मुताबिक बीते चार महीनों से पुलिस प्रशासन को होटलों और पिज्जा कैफे में अवैध गतिविधियां संचालित होने की रिपोर्ट मिल रही थी। शिकायत के आधार पर सुबह पुलिस अधीक्षक ने डीएसपी के नेतृत्व में छापेमार टीम गठित की, जिसमें नांगल चौधरी थाना इंचार्ज को शामिल किया गया। सुबह करीब 10 बजे रिलायंस टॉवर के पास एक कैफे पर दाबिश दी, पुलिस के वाहन को देखते ही अंदर बैठी दो लड़कियां बाहर निकली तथा मुंह छिपाकर भाग गई। इसके बाद पुलिस टीम बैजनाथ चौधरी गर्ल्स कॉलेज में पहुंची तथा वहां से दो महिला प्राध्यापकों को साथ लिया। उनकी उपस्थिति में विभिन्न पिज्जा कैफों में सर्च अभियान चलाया। संचालकों के दस्तावेज जांचने के बाद उन्हें सामाजिक दृष्टि से पारदर्शिता पूर्वक कारोबार करने की हिदायत दी। कार्रवाई की सूचना चंद मिनट पूरे शहर में फैलने से होटल संचालक और पिज्जा कैफे संचालक अलर्ट हो गए। उन्होंने महिला ग्राहकों को एंट्री करने से इंकार कर दिया। कई होटल संचालकों ने आनन फानन में रूम खाली कराए तथा रिकार्ड को दुरुस्त करते देखे गए हैं। पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई है, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्ती पूर्वक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।


नांगल चौधरी। शहर के पिज्जा कैफे पर औचक छापेमारी करता पुलिस प्रशासन।

### 50% छात्राएं कॉलेज नहीं पहुंचती

कंवर सिंह, बाबूलाल, सुनील कुमार, रणजीत, नवीन कुमार समेत कई दुकानदारों ने बताया कि शहर में लड़कियों के लिए एकमात्र बैजनाथ चौधरी गर्ल्स कॉलेज है। जिसमें एक हजार से अधिक छात्राओं के दाखिला ले रखा है, लेकिन 50 फीसदी छात्राएं रोजाना अनुपस्थित रहती हैं। इसके बावजूद कॉलेज इंचार्ज की तरफ से अभिभावकों को सूचना प्रेषित नहीं होती, जिस कारण अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।

### क्या कहते है थाना इंचार्ज

थाना इंचार्ज भगत सिंह ने बताया कि अवैध गतिविधियां नहीं होंगी बर्दाश्त। औचक छापेमारी अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी पिज्जा कैफे संचालकों को पारदर्शिता पूर्वक कारोबार करने के निर्देश दिए गए हैं।


महेंद्रगढ़। परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## मॉडर्न स्कूल भोजावास के तीन विद्यार्थी जेईई-मेन में क्वालीफाई

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा जेईई मेंस सत्र दो की परीक्षा दो से आठ अप्रैल तक आयोजित की गई थी। मॉडर्न स्कूल भोजावास के तीन विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी थी। इस परीक्षा का परिणाम 20 अप्रैल को घोषित किया गया। इस परीक्षा में मॉडर्न स्कूल की छात्रा योगिता पुत्री अनिल कुमार ने 97.61 परसेंटाइल, सुमित पुत्र धर्मेंद्र ने 96.96 तथा तन्वी पुत्री सुधीर ने 89.43 परसेंटाइल प्राप्त की। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों द्वारा जेईई मेंस सत्र दो की परीक्षा क्वालीफाई करने पर विद्यालय में खुशी का माहौल छा गया। इस खुशी को विद्यार्थियों ने एक दूसरे को सांझा करके प्रकट किया। संस्था निदेशक राजकुमार यादव हवासिंह यादव, प्रबंधन समिति सदस्य नवीन कुमार, संस्था प्राचार्य अनिल कुमार, उपप्राचार्य शकुंत शहरावत, वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार, रामसिंह तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने जेईई-मेन सत्र की परीक्षा क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शुभकामना दी।

### नारनौल-नांगल चौधरी रूट पर आधे घंटे में चार रोडवेज बसों का संचालन

# सरकारी स्कूलों का समय 8 बजे, नारनौल से ही चलती है 8:20 पर, हो रही छात्रों को देरी

**ढाणी बाठोठा, मांदी, कांवी, भोजावास, अकबरपुर, नांगल कालिया के विद्यार्थियों ने बताया कि तापमान बढ़ते ही विभाग ने स्कूलों के टाइम टेबल में संशोधन कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नारनौल डीपो में पर्याप्त बसें उपलब्ध हैं, लेकिन संचालन की समय सारिणी यात्रियों की सुविधा के अनुरूप नहीं, क्योंकि सुबह 6:30 से 7 बजे तक नांगल चौधरी के लिए चार लोकल रोडवेज बसें उपलब्ध होती हैं। इसके बाद 8:20 बजे ही लोकल बस नारनौल से चलकर नौ बजे नांगल चौधरी पहुंच रही है। तब तक विद्यार्थियों को स्कूल तक पहुंचने में सवा घंटे देरी हो जाती है। अव्यवथित बस संचालन से दैनिक यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ढाणी बाठोठा, मांदी, कांवी, भोजावास, अकबरपुर, नांगल कालिया के विद्यार्थियों ने बताया कि तापमान बढ़ते ही विभाग ने स्कूलों के टाइम टेबल में संशोधन कर दिया। सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक कक्षाएं लगेंगी, इसके लिए विद्यार्थियों को पौने आठ बजे तक स्कूल में पहुंचने की हिदायत है। विभागीय निर्देशानुसार विद्यार्थी सुबह 7:30 बजे निर्धारित बस स्टैंड पर पहुंच जाते हैं, लेकिन उन्होंने 8:45 बजे तक कोई लोकल बसें उपलब्ध नहीं होती। नांगल कालिया के बस अड्डे पर करीब 8:50 बजे लोकल बस पहुंचती है, जो 9:05 बजे नांगल चौधरी बस स्टैंड पर उतारती हैं। यहां से स्कूल तक पहुंचने में 9:20 बज जाते है, तब तक पढ़ाई के दो पीरियड निकल जाते हैं। उन्होंने बताया कि नारनौल-नांगल चौधरी रूट से विभिन्न गांवों के 1350 विद्यार्थी विभिन्न स्कूलों में पढ़ाई करने आते हैं। एक महीने से उनकी दो कक्षाएं मिस होने से सलेबस पिछड़ने लगा है। समस्या से स्कूल प्रशासन को अवगत करवा दिया, इसके बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों के बस स्टैंडों पर कई महिला शिक्षक भी खड़ी रहती हैं, जिन्हें स्कूल में निर्धारित समय पर हाजिरी दर्ज करानी होती है, लेकिन यातायात सुविधा के आभाव में उन्हें अवैध वाहनों की मदद लेनी पड़ रही है। उन्होंने उपायुक्त से बसों के संचालन को दुरुस्त कर नारनौल से सुबह 7:20 बजे के आसपास लोकल बस चलाने की गुहार लगाई है।




### मनचले भी करते हैं परेशान

दैनिक यात्री अशोक कुमार, सुरेंद्र कुमार, बिक्रम सिंह, हरचंद, राजबीर, रोहताश कुमार ने बताया कि निर्धारित समय पर स्कूल पहुंचने के लिए कई छात्राएं अवैध सवारी वाहनों में बैठ जाती हैं। जिनमें तीन सवारी की सीट पर छह से सात सवारियों को बैठाया जाता है। इस दौरान परेशानी का फायदा उठाकर मनचलों की अश्लील हरकतें देखने को मिलती हैं। साथ ही ओवरलोड वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने का अंदेशा बना रहता है।

### सुबह दो घटें नहीं मिलती बस

ग्रामीणों ने बताया कि बीते महीने तक रायमलिकपुर से नारनौल जाने के लिए सुबह 8:15 रोडवेज बस उपलब्ध थी, लेकिन अब यह बस बंद होने के बाद यात्रियों को दूसरी बस के लिए 10 बजे तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान दैनिक यात्रियों के साथ कॉलेज के विद्यार्थियों को परेशानी बनी हुई है। उन्होंने बताया कि लोकल बसों के आभाव में अवैध वाहनों को बढ़ावा मिल रहा है, जो यात्रियों से मनमर्जी किराया वसूली कर रहे हैं।

### सुविधा के अनुसार चलाएंगे लोकल बसें

रोडवेज विभाग के मुख्य निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि विभिन्न ग्रामीण रूटों पर बसें संचालन में विद्यार्थियों की सहूलियत को प्राथमिकता दी गई है। नारनौल से नांगल चौधरी रूट पर सुबह के शेड्यूल में अव्यवस्था होने की शिकायत मिली है। सुबह सात से 8:20 बजे के बीच के अंतराल को कम करने के लिए रिवाइज शेड्यूल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को लगभग सभी ग्रामीण रूटों पर बसें उपलब्ध हैं।

## युवक ने होटल में फंदा लगाकर दी जान

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 के होटल में युवक ने चुन्नी से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान सेक्टर-6 निवासी राहुल कुमार यादव के रूप में हुई है। जो पिछले करीब 10 दिन से कमरा लेकर होटल में ठहरा हुआ था। सूचना के बाद सेक्टर-6 थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या का कारण घरेलू विवाद बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस खुलकर बोलने से बच रही है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-6 निवासी राहुल यादव अविवाहित था। बताया जाता है कि राहुल आपीएल में सट्टा भी लगाता था। जिससे उस पर कर्ज भी था। जिससे अक्सर किसी न किसी बात को लेकर अक्सर उसका परिवार के साथ विवाद होता रहता था। पिछले करीब 10 दिन से होटल में रूम लेकर रह रहा था। मंगलवार को उसने चुन्नी से पंखों के साथ फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। होटल कर्मी जब कमरे में पहुंचे तो इसका खुलासा हुआ।

## गांव कुंडल बस अड्डे के पास एक्सीडेंट में वृद्ध की मौत

**कुंड।** गांव कुंडल के बस अड्डे पर विक्टोरियस की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। हघायल अवस्था में वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना के बाद खोल थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव कुंडल निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसके पिता 76 वर्षीय रामअवतार सुबह वाहन की इंतजार में बस अड्डे पर खड़े थे। इसी दौरान नारनौल की तरफ से आए वाहन ने उसे टक्कर मार दी। मेरा चचेरा भाई उसी गाड़ी से उसे अस्पताल ले गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## 500 ग्राम अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी स्टेशन पर जीआरपी ने 500 ग्राम अफीम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान से चेतन एक्सप्रेस में सवार होकर रेवाड़ी पहुंचा। जहां जीआरपी ने उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान झज्जर के गांव साहलावास निवासी नरेंद्र उर्फ मुन्ना के रूप में बताई है।

# जेईई मेन में आरपीएस के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाईल से अधिक स्कोर हासिल किया

**जेईई मेन के परीक्षा परिणाम ने साबित कर दिया कि आरपीएस सर्वश्रेष्ठ हब- सीईओ इंजि. मनीष राव**

**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान रचा। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.956 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर अंक की सर्वश्रेष्ठता का शिखर छुआ। एकबार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, इंटरनेशनल ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन परिणाम की खान है। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया कि मयंक कुमार ने 99.95 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.88, लक्ष्य गर्ग ने 99.88, उत्सव कुमार ने 99.85, वैभव महता ने 99.83, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भारद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.75, अंशुल ने 99.73, रूद्रबल ने 99.72, रजत मनेठिया ने 99.67, ईशांत ने 99.67, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, गौरव ने 99.58, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, चिनमय ने 99.41, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, दिव्यान सिंह वालिया ने 99.37, मिलन ने 99.34, परिधि जैन ने 99.33, नमन गुप्ता ने 99.32, आदित्य ने 99.30, आदित्य ने 99.29, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, जतिन ने 99.25, खुशी ने 99.23, सुमित ने 99.21, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिदम ने 99.13, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, मनन पाहुजा ने 99.03, केशव कुमार 99.02, शिखर यादव ने 99.02 व हितेष कुमार गोयल ने 99 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।


महेंद्रगढ़। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विवि की टॉप 10 सूची में यदुवंशी के छह विद्यार्थी


महेंद्रगढ़। टॉप रहने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर द्वारा घोषित बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर टॉप 10 सूची में अपना स्थान बनाया है। कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। नेहा पुत्री महेश कुमार ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, अहाना चिकना पुत्री मनोज कुमार ने 87.83 अंक दूसरा, मयंक पुत्री मनोज कुमार ने 87.33 अंक तीसरा, प्रिया पुत्री सुनील कुमार ने 85.33 अंक छठा, दिव्या पुत्री इश्वर सिंह ने 85.83 अंक नौंवा व हीना पुत्री संजय कुमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके दसवां स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह परिणाम हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है।

### घरों पर आरएफ टैगिंग करने का कार्य हुआ आरंभ

# कनीना में डोर टू डोर कचरा संग्रहण की योजना होने लगी फलीभूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका प्रशासन की ओर से शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। डोर टू डोर कचरा संग्रहण प्रणाली के अंतर्गत आरएफ टैगिंग कार्य का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस अभिनव योजना की शुरूआत वार्ड नंबर एक से की गई है, निकट भविष्य में चरणबद्ध तरीके से पूरे शहर के सभी वार्डों में लागू किया जाएगा। आरएफ टैगिंग तकनीक के माध्यम से प्रत्येक घर, दुकान और संस्थान को एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की जाएगी। इस पहचान के जरिए यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कचरा संग्रहण नियमित रूप से हो रहा है या नहीं। साथ ही यह प्रणाली कचरा उठाने वाले वाहनों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी निगरानी रखने में मदद करेगी।


कनीना। आरएफ टैगिंग करते कर्मचारी।

### क्या कहती है नपा चेयरपर्सन

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा ने नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि टीम जब आरएफ टैगिंग के लिए घर घर पहुंचे, तो नागरिक सहयोग करें और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। यह योजना तभी सफल होगी जब प्रशासन व आमजन मिलकर प्रयास करेंगे। यह पहल न केवल शहर की स्वच्छता को नई दिशा देगी, बल्कि नागरिक जिम्मेदारी को भी सुदृढ़ करेगी। जिससे एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर का सपना साकार हो सकेगा।

## न्यूज डायरी

### देवयानी स्कूल के छात्रा ईशा ने पाए 95 परसेंटाइल



**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के विद्यार्थियों का जेईई मेन्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया हैं। छात्रा ईशा पुत्री राजेश ने 95 परसेंटाइल, अनीष पुत्र संजय ने 91, अंजली पुत्री मोहन ने 91, दिव्या पुत्री उदय सिंह ने 90.33, अनुज पुत्र सुनील कुमार ने 83.22, तरुणा पुत्री महिपाल ने 83 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं। सभी बच्चों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य बलवान सिंह ने बताया कि शुरू से ही यदि बच्चे प्रतियोगिता की तैयारी करते हैं तो उन्हें बाद में सब्जेक्ट को समझने में समस्या नहीं होती। रोजाना के गृह कार्य को समय पर पूरा करने पर रीविजन का समय बच जाता है, जिससे एग्जाम में पूछे गए प्रश्नों के पैटर्न पर प्रैक्टिस की जाती है।

### एसडी स्कूल की तन्वी का इसरो के युविका 2026 में चयन



**कनीना।** एसडी विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि प्रतिभाशाली छात्रा तन्वी का चयन अतंरिक्ष अनुसंधान संगठन की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित युविका (युवा विज्ञानी कार्यक्रम) 2026 के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल छात्रा की मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन का भी प्रमाण है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार पिछले लगातार चार वर्षों से विद्यालय के विद्यार्थी इसरो के विभिन्न कार्यक्रमों में चयनित होते आ रहे हैं। विशेष रूप से वर्ष 2024 में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ था।

### विजय स्कूल के छात्र ऋषभ जेईई मैंस परीक्षा की उत्तीर्ण



**महेंद्रगढ़।** बलाना स्थित विजय इंटरनेशनल स्कूल के मेधावी छात्र ऋषभ ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई मैंस उत्तीर्ण कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी गर्व की भावना देखी जा रही है। जैसे ही परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिठाई बांटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ऋषभ को सम्मानित किया गया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### इंडस वैली स्कूल का जेईई मेन्स में उत्कृष्ट परिणाम



**महेंद्रगढ़।** गत दिवस आईआईटी जेईई मेन्स के घोषित परिणाम में इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट पर्सेंटाइल हासिल कर सफलता का परचम लहराया। प्राचार्य जयवीर सिंह यादव ने बताया कि जेईई मेन्स में विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिमांशु रामचंदपुरा 98 परसेंटाइल, दीपिका खत्रीपुर 97, सोवित दौंगड़ा अहीर 97, सलोनी बेगपुर 96, अंकित अटाली 95, हिमांशु देवास 95, ज्योति राता कलां 92, प्रिंस बेगपुर 92, निधि अटाली की ढाणी 89, मयंक मुंडिया खेड़ा 87, कृष्ण धनौंदा 87 परसेंटाइल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने गांव का गौरव बढ़ाया।

### हैप्पी स्कूल के 52 छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में रचा इतिहास


आर्यन।


आशीष।


कार्तिक।


ईशिका।

**महेंद्रगढ़।** डुलाना रोड स्थित हैप्पी एवरग्रीन स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों ने जेईई मेन की परीक्षा में अपनी योग्यता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विंग प्रभारियों के अनुसार आशीष पुत्र सुनील कुमार 99.90 परसेंटाइल के साथ उच्च स्थान पर रहा, आर्यन पुत्र नवनीत 99.83 परसेंटाइल, सृष्टि गोयल पुत्री मुकेश गोयल 98.39 परसेंटाइल, रितिक पुत्र धर्मवीर 96.95 परसेंटाइल, कार्तिक पुत्र संदीप कुमार 95.60 परसेंटाइल, शब्द पुत्र अशोक कुमार 95.39 परसेंटाइल और इशिका पुत्री दिनेश कुमार 95 परसेंटाइल अंक के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं।

### आयकर विभाग में चयनित कपिल खोवाल का अभिनंदन



**नांगल चौधरी।** नियाजलीपुर निवासी कपिल खोवाल पुत्र डॉ. सुरेश खोवाल ने सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिसे आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक पद आंवटित होने पर केएल मैमोरियल स्कूल इस्लामपुरा में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल के चेयरमैन सुभाषचंद ने मेधावी प्रतिभा को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कपिल खोवाल ने केएल मेमोरियल स्कूल में 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है तथा शुरू से ही कक्षा में टॉपर स्थान अर्जित किया है। दिसंबर महीने में एसएससी ने सीजीएल परीक्षा संपन्न कराई थी, जिसके परिणाम की रैंक के अनुसार कपिल खोवाल को आयकर विभाग अलॉट किया गया है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। कपिल खोवाल की सफलता इसका जीवंत उदाहरण है। कपिल खोवाल ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर प्रयास, अनुशासन व आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे समय का सही उपयोग करें और अपने लक्ष्य के प्रति हमेशा केंद्रित रहें। इसके बाद कपिल खोवाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगिक परीक्षाओं की तैयारी करने के टिप्स दिए। इस मौके पर प्राचार्य राजबीर सिंह, अशोक कुमार, बिक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, जीया राम शर्मा सपुत्र श्री सुमेर चन्द शर्मा निवासी पोता तहसील कनीना जिला महेंद्रगढ़ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम शर्मा जीयाराम सुमेर चन्द दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम जीयाराम शर्मा है जो कि मेरे आधार कार्ड में भी दर्ज है। जीयाराम शर्मा व शर्मा जीयाराम सुमेर चन्द दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मेरा नाम जीया राम शर्मा रहेगा।

**सरपंच ग्राम पंचायत, खुशपुरा**
**ब्लॉक जाटूसाना जिला रेवाड़ी हरियाणा-123411**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खुशपुरा खण्ड जाटूसाना, जिला रेवाड़ी में पंचायत स्तर पर डोर टू डोर कचरे का नियमानुसार संग्रहण एवं निपटान करवाया जाना हैं। उक्त कार्य करने के लिए इच्छुक फर्म अपनी कुटेशन सरपंच के पास दिनांक 29.04.2026 तक जमा करवा सकती है। इसके बाद कोई भी कुटेशन मान्य नहीं होगी ।

हस्ता/- सरपंच,
ग्राम पंचायत खुशपुरा (रेवाड़ी) Mob. 8397964102

## खबर संक्षेप

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव में रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में 11 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया गया है। कोसली थाना पुलिस ने वर्ष 2019 में दर्ज मामले में महेंद्रगढ़ के दूलोठ निवासी दिनेश को कोर्ट के आदेश पर तफ्तीश में शामिल करने के बाद छोड़ दिया। उस पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप हैं।

### सड़क हादसों के दो आरोपी चालक किए गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद दर्ज किए गए मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 11 अप्रैल को हुए हादसे के बाद घायल के बयान पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के पटीकरा निवासी अमरजीत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन की टक्कर से युवक की मौत के बाद 21 अप्रैल को केस दर्ज किया था। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस मामले में करमपुरा निवासी असलम को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने विवाहिता को दहेज की मांग पर प्रताड़ति करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के कारण पुलिस ने उसके ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ 11 जनवरी को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में पुलिस ने भिवाड़ी की एक कॉलोनी निवासी रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### कोर्ट से घोषित तीन आरोपी चढ़े हत्थे

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए जा चुके तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर 7 अप्रैल को केस दर्ज किया था। इस मामले में नूंह के दोहा निवासी असलम को गिरफ्तार किया गया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज करने के बाद हरिनगर निवासी विरेंद्र को गिरफ्तार किया है, जबकि सिटी पुलिस ने 20 अप्रैल को दर्ज किए गए मामले में पातुहेड़ा निवासी भरत को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### बिजली कनेक्शन के अभाव से आउटर बाइपास पर राहगीर परेशान

# करोड़ों की लागत से लगीं लाइटें, फ्लाईओवर पर अंधेरा

नारनौल रोड से झज्जर रोड तक सड़क के दोनों ओर लगवाई थी सैंकड़ों लाइटें

- सीमा से बाहर होने पर नगर परिषद ने लाइटों का टेकओवर से किया मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बाइपास पर बंद पड़ी करोड़ों रुपये की लागत से लगाई गई लाइटें। फोटो : हरिभूमि

लोक निर्माण विभाग की ओर से जैसलमेर नेशनल हाइवे को झज्जर रोड से जोड़ने वाले आउटर बाइपास पर करोड़ों रुपये की लागत से लाइटें तो लगा दीं, परंतु बिजली कनेक्शन के अभाव में बंद पड़ी लाइटें खराब होने के कगार पर हैं। रात के समय रोड पर अंधेरा छाए रहने से हादसों की आशंका बनी रहती है। इस बाइपास के निर्माण के बाद नारनौल रोड से झज्जर रोड तक दोनों ओर सैकड़ों की संख्या में लाइटें लगवाई थीं, ताकि आउटर बाइपास रात के समय जगमग होता रहे। लाइटें लगवाने के बाद विभाग की ओर से इन्हें नगर परिषद को सौंपे जाने की योजना थी, ताकि नगर परिषद टेकओवर करने के बाद बिजली बिल का खर्च उठा चुके। नगर परिषद अधिकारियों ने शुरू में ही लोक निर्माण विभाग को सड़क का हिस्सा नगर परिषद की सीमा से बाहर का होने के कारण लाइटों को टेकओवर से करने से मना कर दिया। नप अधिकारियों का तर्क था कि इस रोड से नगर परिषद की आय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ऐसे में वह लाइटों का खर्च नहीं उठा सकती।

#### ग्राम पंचायतों ने भी खड़े किए हाथ

यह रोड कालूवास, हजारीवास व गोकलगढ़ सहित कई गांवों की सीमा से होकर गुजर रहा है। विभाग की ओर से पंचायती खर्च पर लाइटों को चालू कराने के लिए पंचायत विकास विभाग और ग्राम पंचायतों को पत्र लिखे गए थे। ग्राम पंचायतों ने भी तर्क दिया कि रोड से ग्राम पंचायत की आय नहीं बढ़ने वाली। बिजली कनेक्शन लेने पर ग्राम पंचायतों पर राजस्व का बोझ बढ़ेगा, इसलिए वह अपनी सीमा में लाइटें जलाने के लिए बिजली कनेक्शन नहीं लेंगे।

#### हादसों की आशंका

नारनौल और महेंद्रगढ़ से झज्जर की ओर आवागमन करने वाले सैकड़ों वाहन इस बाइपास से गुजरते हैं। रात के समय सैकड़ों डंपर इसी रोड से निकलते हैं। सड़क पर अंधेरा छाया रहने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। बिजली आपूर्ति के अभाव में बंद पड़ी लाइटें जंग खाने लगी हैं, जिससे इनके जल्द खराब होने की आशंका बनी हुई है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि ग्राम पंचायतों को बिजली कनेक्शन के लिए लिखा हुआ है।



रेवाड़ी। अभियान के दौरान चेकिंग करते हुए ट्रैफिक पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

## विभाग ने ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा, 1104 वाहनों के किए चालान

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के किए 21 चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करने वाले चालकों पर शिकंजा कसने के लिए एक सप्ताह तक स्पेशल अभियान चलाया, जिसमें 1104 वाहनों के चालान किए गए। इनमें शराब पीकर गाड़ी चलाने, गलत लेन में चलने व बुलेट बाइक से पटाखा बजाने वाले वाहन शामिल हैं।

एडीजीपी ट्रैफिक एंड हाइवे हरदीप सिंह दून के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस ने गत 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे चलाना, प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट पटाखा छोड़कर हवाबाजी करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 21 वाहन चालकों के चालान किए है। अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है।

#### बाज नहीं आने पर दर्ज होंगे केस

एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे/प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा पैदा करते हैं। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। इस सप्ताह के दौरान रेवाड़ी पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे बजाने, प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वाले 02 वाहन चालको पर शिकंजा कसा है। उन्होंने बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ कर हवा बाजी करने वालों को सचेत करते हुए कहा कि अभी केवल पुलिस चालान ही कर रही है।

### महिला से छेड़छाड़ के दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार पर उसी के गांव के दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। 13 अप्रैल को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी सतीश और कर्णसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी वारंट पर

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने नशा सप्लाई करने के मामले में एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने गत वर्ष 7 अक्टूबर को एक आरोपी नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ गोकलगढ़ निवासी अनुज ने मुहैया कराया था। पुलिस ने आरोपी को वारंट पर लेकर जांच में शामिल किया है। आरोपी गत वर्ष 21 जुलाई को दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले में संलिप्त बताया जा रहा है।

### चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने चोरी के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने फरवरी माह में हुई चोरी की वारदात में हांसाका निवासी तरुण को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे मामले की तफ्तीश में शामिल किया गया है। 20 अप्रैल को दर्ज किए गए मामले में पुलिस ने एमपी के खेरा निवासी चंदू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड पर लिया है। सदर थाना पुलिस ने एक और आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

## गणेशी लाल हिंदू स्कूल में छात्रों को पौधरोपण पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर एएम टीम फाउंडेशन ने मंगलवार को गणेशी लाल हिन्दू स्कूल के प्रांगण में एक अवेयरनेस कैंपेन चलाया, जिसके तहत अनुराधा सैनी ने बच्चों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करने सहित कई मामलों में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्कूल हर वर्ष मानसून में पौधरोपण करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करता है। पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने आवश्यक हैं। राहुल राठौर ने बच्चों को सस्टेनेबल लाइफस्टाइल अपनाने जैसे साइकिल का प्रयोग करने व सोलर एनर्जी का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया। रिंकू यादव ने बच्चों को सिविक सेंस के बारे में समझाया। स्कूल की प्रिंसिपल चंदा मनी शर्मा ने बताया कि स्कूल ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में बच्चों की एक चित्रकला प्रतियोगिता एवं घोसला बनाने की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बच्चों ने बहुत बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज का सबसे बड़ा दुश्मनः रामपाल




**रेवाड़ी।** पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त रेवाड़ी अभियान के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को नांगल तेजू व प्राणपुरा के स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर जिला पुलिस की ओर से निरंतर नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की अगुवाई इंस्पेक्टर रामपाल कर रहे हैं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए रामपाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी विद्यार्थी देश का भविष्य हो। पढ़ाई, खेल और अपने सपनों में ध्यान लगाओ, नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो।

## जेई मैन अप्रैल 2026 परीक्षा परिणाम में राठ इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शत-प्रतिशत प्रदर्शन

- यश यादव ने पूरे भारत में 24, अंकुर ने 571, लक्ष्य ने 702 व सागर राज ने 931वीं रैंक प्राप्त कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



एन टी ए द्वारा घोषित जी मैन 2026 (फेस -2) के परीक्षा परिणाम में राठ इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने अपनी बेस्ट %आइल के साथ पूरे भारत में 2-3 डिजिट में रैंक प्राप्त कर प्रसिद्धि पाई है। परिणाम की जानकारी देते हुए स्कूल के सेक्रेटरी नितेश यादव ने बताया कि यश यादव पुत्र श्री विजेन्द्र सिंह यादव ने 99.9937 %आइल के साथ पूरे प्रदेश में 24वीं रैंक प्राप्त की। जबकि प्रणिल, खनिका, लक्ष्य, प्रिंस, सतीजा, अनुष्का, प्रथम, पार्थ, आदित्य और ईशित आदि छात्रों ने 99% आइल से अधिक प्राप्त कर जी एडवांस की परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है। इसके साथ ही तरुण, उमेश, दीपांशु, विनीत, सागर राज, अंकुर, दक्ष, रोहित, अर्चना, हर्ष, लक्ष्य, ध्रुव, गौरव, भावी, नकुल, हर्षवर्धन, ईशांत, सहयोग, साहिल, प्रिया आदि छात्रों ने 95% आइल से अधिक प्राप्त कर जी एडवांस के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। सेक्रेटरी नितेश यादव ने बताया कि 99% आइल से अधिक 11, 95% आइल से अधिक 27, 90% आइल से अधिक 38, 85% आइल से अधिक 55, 80% आइल से अधिक 75 छात्रों ने जी एडवांस 2026 परीक्षा के लिए क्वालिफाई किया है।

सेक्रेटरी ने इस बड़ी सफलता का श्रेय अध्यापकों की असीमित ज्ञान, स्कूल की (रिसर्च एंड डवलपमेंट) द्वारा तैयार मॉडल और उचित परीक्षा पैटर्न, छात्रों की दिन-रात मेहनत, अध्यापकों का सहयोग और अटूट विश्वास और योगदान को दिया है।

## न्यूज डायरी

### अवैध शराब तस्करी मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, 35 पेटियां बरामद



**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 6 मार्च को पटौदी रोड डबल फाटक के नजदीक नाकाबंदी करके वाहन चेकिंग के दौरान एक बोलेरो गाड़ी को चेक किया तो उसमें देशी शराब की 35 पेटियां बरामद हुई। बोलेरो गाड़ी चालक विकास निवासी गांव चिल्हड़ से शराब का परमिट व लाइसेंस मांगा, तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर पाया। पूछताछ में चालक ने बताया कि यह शराब दुर्गा कालोनी ठेके से भरकर राजस्थान ले जा रहा था। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को शराब सहित कब्जे में लेकर संलिप्त आरोपी विकास उर्फ तर्रे को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी गोकलगढ़ निवासी राहुल को भी गिरफ्तार कर लिया।

### साइबर पुलिस ने काबू किया 1.5 लाख की ठगी का आरोपी, भेजा जेल



**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष अक्टूबर माह में एक व्यक्ति के बैंक खाते से 1.5 लाख रुपये ट्रांसफर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 18 अक्टूबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में गुरावड़ा निवासी संजय ने बताया था कि उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है। उसके मोबाइल फोन पर एक दिन पहले तीन मैसेज आए थे। यह मैसेज उसके खाते से 50-50 हजार रुपये कटने के थे। उसने डायल-1930 नंबर पर शिकायत दर्ज करा दी थी। साइबर थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता से बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करने को कहा था। बैंक स्टेटमेंट मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने गत 9 अप्रैल को केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के बुलंदशहर के भमरा सोफिया का मोहल्ला निवासी साबाद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के बैंक खाते में ठगी की रकम के 50 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### होटल मालिक का बैग लेकर कर्मचारी फरार, केस दर्ज करने के बाद किया काबू



**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने पाडला के पास एक होटल मालिक का बैग लेकर फरार हुए कर्मचारी को चंद घंटों में काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ होटल मालिक की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। पुलिस शिकायत में मनेठी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका जैसलमेर नेशनल हाइवे पर पाडला के पास होटल है। गत 19 अप्रैल को सुबह के समय वह बैग लेकर घर से होटल पर आया था। बैग में 70 हजार रुपये, एक टैब व दो चेकबुक थी। वह बैग को काउंटर पर रखने के बाद पूजा करने में व्यस्त हो गया। इसी दौरान होटल पर कार्य करने वाला राजस्थान के अलवर जिले के बाई का बास निवासी सुंदरलाल उसका बैग लेकर बाइक से फरार हो गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हो गई। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद आरोपी सुंदरलाल को गिरफ्तार कर लिया। चोरी का सामान बरामद होने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। उसे कोर्ट से रिमांड पर रिमांड पर लिया गया है।

### निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपये का सामान चोरी, पुलिस ने सामान सहित काबू किया आरोपी

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने अंबेडकर चौक पर एक निर्माणाधीन मकान की साइट से हजारों रुपये का सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सामान बरामद होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस शिकायत में सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि वह अंबेडकर चौक के पास मकान निर्माण का कार्य करा रहा है। मकान निर्माण के कार्य में पलंबर, इलेक्ट्रिशियन व मिस्त्री लगे हुए हैं। मौके पर भवन निर्माण से संबंधित सामान पड़ा हुआ है। गत 19 अप्रैल को निर्माणकार्यों में लगे मिस्त्रियों ने उसे फोन पर बताया कि एक व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे में सामान डाल रहा है। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंच गया। पकड़े गए व्यक्ति का कट्टा चेक किया, तो उसमें तारों के गुच्छे व अन्य सामान मिला। उसने पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। साइट का सामान चेक करने पर बिजली की केबल, पलम्बर के इस्तेमाल में आने वाला सामान जिनमें ब्रास कन्टरोल वाल्व 10 पीस, ब्रास बॉल वाल्व 6 पीस, ब्रास एलबो 25 पीस, ब्रास टी अलग अलग साइज की 35 पीस, एलबो अलग साइज की 50 पीस व इसके अलावा 2 आरआर के बिजली की तारों के बंडल गायब मिले। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**बैठक** गश्त बढ़ाने, नियमित चेकिंग संचालित करने पर दिया बल

# बाल व महिला सुरक्षा अपराध पर सख्ती से निपटे अधिकारी : एसपी

- जिले में अपराध कम व सुरक्षित माहौल प्रदान करना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र सिंह मीणा ने अधिकारियों को बाल अपराध व महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। उन्होंने मंगलवार को अपराध समीक्षा बैठक में अधिकारियों से विभिन्न श्रेणियों के अपराधों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि "हमारा मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध को कम करना और जनता के बीच सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल ही अपराध मुक्त समाज की नींव है।"

एसपी ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था, अपराध के आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। नशा तस्करी से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों, नेटवर्क एवं सप्लाई चैन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए समन्वित एवं साक्ष्य-आधारित कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रकरण में विवेचना की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा मामलों का समयबद्ध निष्पादन किया जाए। बैठक के दौरान संगठित अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, साइबर अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों, लंबित वारंटों तथा फरार आरोपियों की धरपकड़ की स्थिति की भी समीक्षा की गई। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने, नियमित चेकिंग अभियान संचालित करने तथा सूचना तंत्र को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। एसपी ने निर्देश दिए कि जब भी कोई नाबालिग बच्चा मिले, तो पुलिस का व्यवहार अत्यंत संवेदनशील और मैत्रीपूर्ण होना चाहिए तथा सीडब्ल्यूसी से बच्चे की काउंसलिंग करवानी चाहिए। इसके अलावा महिला विरुद्ध अपराधों को गंभीरता से ले और तुरंत कार्रवाई करें। बैठक में डीएसपी हेडक्वार्टर डॉ रविन्द्र सिंह, डीएसपी बावल सुरेन्द्र श्योराण, डीएसपी कोसली विद्यानंद, डीएसपी ट्रैफिक पवन कुमार, श्रुति शर्मा और डिप्टी डायरेक्टर प्रॉसिक्यूशन हरपाल सहित सभी थाना प्रबन्धक, पीओ स्टाफ इंचार्ज तथा सभी ईन्चार्ज कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी उपस्थित रहे।

#### बाल कल्याण एवं लापता बच्चों पर चर्चा

बैठक की शुरुआत में उन बच्चों के कल्याण पर विशेष जोर दिया गया जो लापता हैं, लावारिस पाए गए हैं या अपने परिवारों से बिछड़ गए हैं। इस सम्बंध में (सीडब्लूसी चेयरपर्सन) श्रीमती श्रुति शर्मा ने जेजे एक्ट के तहत बच्चों के पुनर्वास और उनकी देखभाल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए।

#### आधुनिक तकनीक व एसओपी की पालन

बैठक के दौरान डिप्टी डायरेक्टर प्रॉसिक्यूशन हरपाल ने कानूनी बारीकियों और साक्ष्यों के संकलन पर चर्चा की, ताकि कोर्ट में केस को मजबूती से रखा जा सके और अपराधियों को सख्त सजा दिलवाई जा सके। उन्होंने बताया की कोर्ट में चालान पेश करते समय और तफ्तीश के दौरान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का कड़ाई से पालन करनी चाहिए।

#### अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवहार

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून के प्रावधानों के अनुरूप निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा जनविश्वास को सर्वोपरि रखते हुए पुलिस कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखी जाए। पुलिस थानों में आने वाले हर आमजन से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करे व गैर कानूनी कार्य करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटे।